89

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 83वीं बैठक की कार्यवाही ।

स्थान : कुलपति कक्ष

तिथि : 14-9-1991

समय : 11.00 बजे प्रात:

उपस्थिति :

(1) डा० उदय वीर सिंह, कुलपति - अध्यक्ष

(2) श्री सुखराम सिंह, एम०एल०सी० - सदस्य

(3) श्री अत्तर सिंह यादव - सदस्य

(4) चौ० विक्रम सिंह - सदस्य

(5) श्री भगवान दास, अपर नियन्त्रक - सचिव

83:1 - प्रबन्ध मण्डल की 82वीं बैठक दिनांक 25-7-91 की कार्यवाही का अनुमोदन ।

प्रबन्ध मण्डल ने कार्यवाही विचारोपरान्त अनुमोदित कर दी ।

83:2 - वेतनमान रु० 354-550 में कार्यरत सुपरवाइजरों को वेतनमान रु०470-735 दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार ।

वित्त समिति की अनुशंसा पर प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव शासन को संदर्भित करने के लिये सहमति प्रदान की ।

83:3 - विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के विकलांग बच्चों के लिये रु० 50/- प्रतिमाह की प्रतिपूर्ति एवं दो बच्चों तक शिक्षण शुल्क सम्बन्धी शैक्षिक सहायता प्रदान करने पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव विचारोपरान्त अनुमोदित कर दिया ।

83:4 - डा० आर०पी० सिंह, तीनियर फार्म मैनेजर, मथुरा से आफिसर्स गेस्ट हाऊस का बकाया किराया रु० 20465/- वसूल न करने के प्रस्ताव पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने विचारोपरान्त निर्णय दिया कि डा० सिंह से गेस्ट हाऊस का बकाया किराया रु० 20465/- वसूला जाये ।

83:5 - श्री अनुरुद्ध प्रकाश दुबे, शोध सहायक, बीज प्रौद्योगिकी विभाग से दिनांक 19-3-85 से 31-12-87 तक टीचर्स गेस्ट हाऊस का किराया लेने के प्रस्ताव पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने विचारोपरान्त निर्णय दिया कि श्री दुबे से उक्त अवधि का टीचर्स गेस्ट हाऊस का किराया रु०14807/- वसूला जाये ।

83:6 - डा० प्रहलाद सिंह, सहायक प्राध्यापक/वार्डन, जनन विज्ञान एवं पादप प्रजनन विभाग को मूल वेतन का 10 प्रतिशत आवासीय भत्ता देने पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने डा० सिंह को मूल वेतन का 10 प्रतिशत आवासीय भत्ता रु० 2285/- 19-7-1985 से 28-1-1987 की अवधि में भुगतान करने के लिये स्वीकृति प्रदान की ।

83:7 - श्री त्रिवेणी प्रसाद दुबे, कनिष्ठ लिपिक के प्रत्यावेदन पर दिनांक 25-6-90 पर विचार ।

संदर्भित प्रस्ताव में इंगित तथ्यों पर विचार करने के उपरान्त प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदित कर दिया ।

83:8 - डा० समीर पाल, सह-प्राध्यापक, मृदा एवं कृषि रसायन, एन०ए०आर०पी०, भरारी, झांसी को दिनांक 1-6-90 से 30-6-91 तक यू०एस०ए० एवं कनाडा में डाक्टरल रिसर्च प्रोग्राम में भाग लेने हेतु अध्ययन अवकाश की स्वीकृति का प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने डा० पाल को उक्त प्रोग्राम में भाग लेने के लिये 1-6-90 से 30-6-91 (13 माह) का सवेतन अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया ।

83:9 - डा० प्रभाकर शुक्ला, प्लान्ट पैथोलोजिस्ट के प्रत्यावेदन के अनुसार दिनांक 14-5-80 से प्रोफेसर/प्लान्ट पैथोलाजिस्ट का पदनाम दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार ।

प्रस्ताव पर विचार विमर्श के उपरान्त प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि शासन से शीघ्र निर्देश हेतु अनुरोध किया जाये ।

83:10- अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्तावों पर विचार ।

83:10(1)- विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा निवृत्त लाभों को स्वीकृत किये जाने से सम्बन्धित परिनियम के चैप्टर-21 में प्रस्तर-9 पर शासनादेश संख्या-1009/12-8-400(19)/84 दिनांक 10 सितम्बर, 1984 एवं संख्या-4026/12-8-400(19)/84 दिनांक 19-12-84 में निहित प्रावधान का समावेश ।

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव पर विचार करने के उपरान्त परिनियम के चैप्टर-21 के प्रस्तर-9 में संलग्न संशोधनों को करने की स्वीकृति प्रदान की (संलग्नक "क" व "ख") ।

83:10(2)- डा० ए०एस० कर्वी, वैज्ञानिक (एस-1)/जूनियर साइंटिस्ट को 5-10-91 से एक वर्ष का अतिरिक्त धारणाधिकार सुरक्षित रखे जाने के प्रस्ताव पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने विचारोपरान्त डा० कर्वी को दिनांक 5-10-91 से एक वर्ष का अतिरिक्त धारणाधिकार सुरक्षित रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की ।

83:10(3)- डा० पी०सी० यादव को अपने पद पर सेवा निवृत्ति के उपरान्त अपरिहार्य परिस्थिति में आगे चलते रहने की अनुमति देने के सम्बन्ध में ।

प्रबन्ध मण्डल ने डा० पी०सी० यादव को एसोसियेट प्रोफेसर एक्सटेंशन के पद पर सेवा निवृत्ति के पश्चात नियमित नियुक्ति होने तक दिनांक 3-10-91 के बाद रु० 3000/- प्रतिमाह के मानदेय के साथ आगे कार्य करने के लिये स्वीकृति प्रदान की ।

83:10:4: - डा० विजय प्रताप सिंह द्वारा वर्ष 1985 में अन्तर्राष्ट्रीय बायरो-लाजी कांग्रेस, कटानिया, इटली में मौलिक शोध पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत वैज्ञानिक की विदेश यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के अनुदान की स्वीकृति ।

प्रबन्ध मण्डल के माननीय सदस्य चौ० विक्रम सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव में निहित तथ्यों के आधार पर प्रबन्ध मण्डल ने डा० विजय प्रताप सिंह को विदेश यात्रा पर हुये व्यय में से विश्वविद्यालय के अनुदान के रूप में रु० 15689.30 पैसे का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की ।

83:10:5: - डा० जे०एस० सिन्धु की नियुक्ति संयुक्त आयुक्त (दलहन) के पद पर हो जाने के फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष का असाधारण अवैतनिक अवकाश एवं धारणाधिकार सुरक्षित रखे जाने पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने 82वीं बैठक दिनांक 25-7-91 की मद संख्या-82:2 पर लिये गये निर्णय के अनुसार विचारोपरान्त डा० सिन्धू द्वारा संयुक्त आयुक्त (दलहन) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष का असाधारण अवैतनिक अवकाश एवं धारणाधिकार सुरक्षित रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

83:10:6: - डा० डी०सी० कौशिक, डा० जितेन्द्र कुमार एवं श्री अमर सिंह परमार को यू०जी०सी० वेतनमान रु० 700-1600 संशोधन की तिथि से दिये जाने पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल की 81वीं बैठक दिनांक 20-6-1991 में उक्त प्रस्ताव पर मद संख्या-81:7 के अन्तर्गत लिये गये निर्णय को दृष्टिगत रखते हुये माननीय सदस्य चौ० विक्रम सिंह एवं श्री सुखराम सिंह जी ने कथित प्रस्ताव पर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने का आग्रह किया है और इच्छा व्यक्त की है कि यदि उपरोक्त कर्मचारियों का केस न्यायालय में चालू हो तो उसका विवरण अगली बैठक में रखा जाये ।

83:10:7: - चयन समिति की संस्तुति पर प्रबन्ध मण्डल का अनुमोदन प्रदान करना ।

मथुरा प्रांगण में शिक्षकों के रिक्त निम्नलिखित पदों के लिये साक्षात्कार आयोजित किया गया और इस साक्षात्कार में पाये गये सुयोग्य अभ्यर्थियों के लिये चयन समिति की संस्तुतियों के लिफाफे खोले गये । साक्षात्कार में पाये गये सुयोग्य अभ्यर्थियों, जिनके नाम पदों के सामने अंकित है, का चयन अनुमोदित किया गया ।

क्र०सं०	पदनाम व वेतनमान	पद सं०	चयनित अभ्यर्थी का नाम
1	2	3	4
1-	सहायक प्रध्यापक, एनाटामी रु० 2200-4000	2	श्री [illegible] सिंह -रु० 2575/वेतन डा० एफ०एम० मनीरउद्दीन
2-	सह-प्रध्यापक, एनाटामी रु० 3700-5700	1	कोई अभ्यर्थी नहीं ।
3-	सहायक प्रध्यापक, पैथोलाजी रु० 2200-4000	1	श्री सुमीत कुमार मुखोपाध्याय
		1	डा० श्याम सुन्दर मिश्रा
4-	प्रध्यापक सर्जरी, रु० 4500-7300	1	डा० भारत सिंह, अन्तिम आहरित वेतन + 2 वेतन वृद्धियां
5-	सह-प्रध्यापक, सर्जरी रु० 3700-5700		

--4

1	2	3	4
6-	सहायक प्राध्यापक, सर्जरी रु0 2200-4000	1	डा0 रुद्र प्रताप पाण्डेय
7-	सह प्राध्यापक, आवस्टेट्रिक्स एवं गाइनाकोलाजी, रु0 3700-5700	1	कोई अभ्यर्थी नहीं ।
8-	सहायक प्राध्यापक, आवस्टेट्रिक्स एवं गाइनाकोलाजी, रु0 2200-4000	1	डा0 राम बली मौर्या +4 वेतन वृद्धियां ।
9-	सहायक प्राध्यापक फिजियोलाजी रु0 2200-4000	1	डा0 सर्वजीत यादव
10-	सह-प्राध्यापक, फिजियोलाजी रु0 3700-5700	1	कोई अभ्यर्थी नहीं ।
11-	सह-प्राध्यापक फार्माकोलाजी, रु0 3700-5700	1	डा0 सतीश कुमार गर्ग
12-	सहायक प्राध्यापक फार्माकोलाजी रु0 2200-4000	1	1-डा0मोहम्मद अली अयूब शाह 2-डा0 वेद प्रकाश
13-	प्राध्यापक, इपिडिमोलाजी रु0 4500-7300	1	डा0 प्रेम पाल सिंह
14-	प्राध्यापक, वेटेरीनरी पब्लिक हेल्थ रु0 4500-7300	1	डा0 महिपाल सिंह
15-	प्राध्यापक, वैक्टीरियोलाजी रु0 4500-7300	1	कोई अभ्यर्थी योग्य नहीं पाया गया ।
16-	सह प्राध्यापक, वैक्टीरियेलाजी रु0 3700-5700	1	कोई अभ्यर्थी नहीं
17-	सहायक प्राध्यापक, वैक्टीरियोलाजी रु0 2200-4000	1	1- डा0 विनोद कुमार चतुर्वेदी 2-डा0 शरदकुमार यादव
18-	सहायक प्राध्यापक, वेटेरीनरी साइंस-कम-सर्जन, रु0 2200-4000	1	डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह
19-	सह-प्राध्यापक, एनीमल मैनेजमेन्ट एवं हाइजीन, रु0 3700-5700	1	डा0 भारत सिंह यादव 4 अग्रिम वेतन वृद्धियां एवं आहरित मूल वेतन
20-	सहायक प्राध्यापक, एनीमल मैनेजमेन्ट एव हाइजीन, रु0 2200-4000	1	डा0 यज्ञानन्दन उपाध्याय
21-	सह-प्राध्यापक, लाइव स्टाक इकोनामिक्स एण्ड स्टेटिसटिक्स रु0 3700-5700	1	कोई अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुआ ।
22-	सहायक प्राध्यापक, लाइव स्टाक इकोनामिक्स एण्ड स्टेटिसटिक्स रु0 2200-4000	1	डा0 राकेश गोयल

कृषि संकाय के शिक्षकों के रिक्त पदों के लिये चयन समिति की अनुशंसाओं के लिये आगामी बैठक में खोलने का निर्णय लिया गया ।

अन्त में बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ समाप्त हो गयी ।

ह0/-
23-9-91
(भगवान दास)
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल

ह0/-
27-9-91
(उदय वीर सिंह)
कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल